संक्षिप्त

धरने पर बैठे विस्थापित

बांसवाड़ा, (निसं)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा परमाणु संयंत्र को लेकर दिये गये बयानों पर सांसद राजकुमार रोत ने जबरदस्त आक्रोश व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस के उन नेताओं को आड़े हाथो लिया जिन्होंने विस्थापितों के दर्द को नहीं समझा। सांसद रोत दोपहर में बड़ी संख्या में लोगों के साथ कलेक्ट्री पहुंचे और विस्थापितों को न्याय दिलाने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गये। धरना स्थल पर दिनभर भजन-कीर्तन और उदबोधन होते रहे। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में समर्थन ही नहीं दिल से समर्थन दिया था ऐसे में हम उनके अहसानमंद है लेकिन अब कमल-कांठोस के लोग जिस तरीके से विस्थापितों के दर्द की अनदेखी कर रहे हैं वह दुर्भाग्यजनक है। इतना ही नहीं सांसद रोत ने कमल-कांग्रेस के दलालों को आड़े हाथो लेते हुए कहा कि अंग्रेजों और मुगलों के जमाने में भी ऐसे दलाल नहीं हुआ करते थे।

पन्द्रह खिलाड़ियों का चयन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के 15 खिलाड़ियों का चयन 13वीं राष्ट्रीय पेनकेक सिलाट चैम्पियनशिप 2025 के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 25 से 29 सितम्बर तक कोप्पल, कर्नाटक में आयोजित होगी, जिसमें प्री-टीन, सब-जूनियर और जूनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। उदयपुर पेनकेक सिलाट एसोसिशन के मुख्य सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने बताया की राजस्थान टीम में शामिल उदयपुर के इन 15 खिलाड़ियों में 8 बालिकाएँ और 7 बालक हैं। उन्होंने बताया कि चैम्पियनशीप के लिये बालिकाओं में सनाया जैन,आराध्या चैधरी, प्रिया सुहालका, कुवीरा व्यास, धनीषा जैन, भव्या हंडेरिया, प्रांशी प्रजापत, हर्षिता चैधरी,बालकों में दिव्यांश शर्मा,लेखाश कावड़िया, प्रगन्य श्रीवास्तव, वरद पाटिल, नक्षत्र दाधीच, जाग्रत अग्रवाल, भावीन अनेंजा का चयन किया गया। इन खिलाड़ियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

जीप की चपेट से महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना क्षेत्र में जीप ने राह चलते महिला व उसके परिवार को चपेट में ले लिया। हादसे में महिला की मौत हो गई तथा दो मासूब बच्चे घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार अपरान्ह में बैकरिया थाना क्षेत्र खीला गांव रोड़ पर अनियंत्रित जीप ने राह चलते महिला मीठीबाई पत्नी भारमा राम निवासी चगटाभाटा नाणा पाली व उसके चार वर्षीय बच्चे सनाराम तथा दो वर्षीय बच्चे जगराम को चपेट में ले लिया। हेडकांस्टेबल विजेश कुमार ने मौके पर पहुंच पीहर पक्ष को बुलवा उनकी मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। मिठीबाई पीहर मेवाड़ों का मठ आई थी। जहां से पति व बच्चों के साथ पैदल डांग गांव की तरफ रिश्तेदारी में जा रही थी। इस दौरान सामने से आ रही अनियंत्रित जीप ने सभी को चपेट में ले लिया। हादसे में मिठीबाई की मौत हो गई तथा दोनों बच्चे घायल हो गए जिन्हें मामूली चोंटे आई है।

डॉ. जाखेटिया ने शोध किया प्रस्तुत

उदयपुर, (कासं)। बार्सिलोना (स्पेन) में हुए सम्मेलन में गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर के कैंसर सर्जन डॉ. आशीष जाखेटिया ने अपना शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने 3 टाइटेनियम इम्प्लांट से सीने की हड्डी बनाने और प्ल्यूरल मेसोथेलियोमा के इलाज पर अपना अनुभव साझा किया। इन दोनों कामों को अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों ने खूब सराहा। यह सफलता राजस्थान में कैंसर के आधुनिक इलाज की दिशा में गीतांजलि हॉस्पिटल की बड़ी उपलब्धि है।

निगम आयुक्त खन्ना ने किया सुखाड़िया सर्कल का निरीक्षण

- 7 दिन में व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश
- अव्यवस्थाओं को देख लगाई फटकार

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाडे के अंतर्गत सुखाडिया सर्कल का निरिक्षण कर वहां हो रही अव्यवस्थाओं को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को अगले 7 दिन में सभी व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। यदि इस समय सीमा में व्यवस्था नहीं सुधरेगी तो दोषी अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर शहरी सेवा शिविर योजना का आयोजन किया जा रहा है। भंडारी दर्शक मंडप में आयोजित हुए शिविर के दौरान कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सुखाडिया सर्कल की स्थिति के बारे में अवगत कराया गया था। इसी को लेकर मंगलवार को निगम की सभी शाखा के अधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण किया गया,निरीक्षण में जहां पर भी अव्यवस्था पाई गई थी उसको 7 दिन में सुधारने के निर्देश दिए हैं। 7 दिन पश्चात पुन: निरीक्षण किया जाएगा। यदि व्यवस्था में सुधार नहीं होगा तो संबंधित शाखा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि सुखाडिया सर्कल फव्वारे के चारों तरफ बने पार्क में चूहों ने कही कही पर घर बना रखे है।ल जिससे पार्क उस स्थान से गंदा लग रहा है। आयुक्त ने बने हुए खड्डों को मशीन से ठीक करवाने के साथ ही खड्डे पुन: नहीं बने ऐसी व्यवस्थित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर विद्युत पोल एवं लाइट अवस्थित पाई गई जिसको तुरंत ठीक करने को कहा गया साथ ही पूरे पार्क में विद्युत व्यवस्था को लेकर कोई ठ फ़मी नहीं रहे इसको लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त खन्ना ने सर्किल के चारों तरफ लोहे की रेलिंग पर कलर कर और अधिक आकर्षित बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रेलिंग के नीचे लगा रखे कर्व स्टोन जो कहीं कहीं से निकल रहे हैं उनको भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं।सुखाडिया सर्कल पर सभी गार्डन में पेडों की आकर्षक छंगाई करवाई जाएगी जिससे यहां आने वाले शहर वासियों के साथ.साथ पर्यटकों को भी यह स्थान और अधिक आकर्षित लग सके। वर्तमान में कई पेड बेडौल तरीके से बडे हो रहे हैं जो की सुंदरता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के अनुसार संज्ञान में आया कि सुखाडिया सर्किल पर कई लोगों द्वारा गार्डन में बैठकर खाने के दौरान वहां वस्तुएं गार्डन में ही छोड दी जाती है जिससे वहां चूहे हो गए हैं। यही चूहे गार्डन में बडे बडे गड्ढे कर रहे हैं जिससे गार्डन की सुंदरता बिगड रही है । शहर वासी उद्यान में बैठकर यदि खाने की वस्तुएं का उपयोग करते हैं तो वस्तुएं उद्यान में छोडकर नहीं जाए वह कचरा पात्र में डालें जिससे चूहों को खाना नहीं मिलेगा। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा सहित कई तरह की कमियां नजर आई। उन्होंने जल्द ही निगम की तरफ से होमगार्ड लगाने के निर्देश दिए हैं जिससे कोई भी असामाजिक तत्व उद्यान को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा सके। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने स्पष्ट किया है कि मंगलवार को निरीक्षण के दौरान जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका कडाई से पालन किया जाएगा। 7 दिन पश्चात सभी अधिकारियों के साथ उद्यान का पुन: निरीक्षण किया जाएगा।

क्षतिग्रस्त सड़क, आमजन परेशान

उदयपुर, (कासं)। शहर के पुरोहितों की मादडी स्थित रोड नम्बर 4 लक्ष्मीनगर के मुख्य मार्ग पर बडे.बडे खड्डे होने से आमजन परेशान है। क्षेत्रीय निवासी हितेश व्यास ने बताया कि पुरोहितों की मादडी में लक्ष्मी नगर कॉलोनी से लेकर दूदाजी के देवरे तक सड़क पूरी तरह से टूटकर खस्ताहाल है। सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है आए दिन यहां के निवासी हादसे के शिकार हो रहे है। क्षेत्रवासियों को कहना है कि पिछले 1 साल से यह मुख्य सड़क टूटी हुई है। नाली पर लगे गटर भी पूरी तहर से टूट चुके है। लेकिन सम्बन्धित विभाग एवं अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। बारिश के समय इन खड्डों में पानी भर जाता है जिससे दूपहिया वाहन चालक गिर रहे है। इस मुख्य मार्ग से रोजाना करीब 4 हजार लोगों का आवागमन होता है। लेकिन टूटी सड़क के कारण वे हमेशा हादसे के शिकार होने के अंदेशे में रहते हैं। उन्होंने बताया कि करीब चार माह पहले बडा नाला बनाने के लिए खोदी गई मुख्य सड़क को भी दुरुस्त नहीं किया गया। केवल मिट्टी व गिट्टी डालकर रास्ता चालु किया जिससे बारीश से मिट्टी चिकनी होकर वहां दुपहिया वाहन चालक गिर रहे हैं।

दातापति हनुमान मंदिर में हो रहे धार्मिक अनुष्ठान

- 1 अक्टूबर को हवन और दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 22 सितंबर से श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर मंदिर में घट स्थापना कर गणेश पूजन, राम दरबार, वैष्णो देवी, सर्वेश्वर महादेव और दातापति हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की गई।

मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, दुर्गा चालीसा पाठ और महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन किए जा रहे हैं। मंदिर परिसर को विद्युत सज्जा और रंग-रोगन से आकर्षक रूप प्रदान किया गया है।महंत ने बताया कि 30 सितंबर को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। वहीं 1 अक्टूबर को दशहरे पर सुबह विशेष हवन और दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा। भक्तजन पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लेंगे व प्रसाद वितरण किया जाएगा।नवरात्रि स्थापना से ही मंदिर में राम पंचायत, दातापति हनुमान मंदिर, वैष्णो देवी और राडाजी के अखंड दीप प्रज्वलित किए गए हैं। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बन रहे हैं।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/ न.पा.नाथ./भूमि/2025/12057 दिनांक : 23/09/2025

-:आपत्ती सूचना:-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रमोद पालीवाल पिता श्री नन्द किशोर पालीवाल निवासी सुखाड़िया नगर, नाथद्वारा तहसील-नाथद्वारा, जिला राजसमन्द द्वारा जरिये पट्टा संख्या 23/94 पत्रावली संख्या-75/94 दिनांक 30.11.1994 क्षैत्रफल-1135 वर्गगज में से भूखण्ड संख्या-29 एवं एवं भूखण्ड संख्या-35 कुल क्षैत्रफल-3000 वर्गफिट का विक्रय पत्र दिनांक 06.08.2009, पालिका द्वारा जारी भवन निर्माण-स्वीकृति क्रमांक/न.पा.नाथ./तामीर/प.सं.23/18/ दिनांक 30.01.2018, नामान्तरण क्रमांक/न.पा.नाथ.-भूमि/तामीर/2020/3540 दिनांक 8.09.2020 द्वारा जारी हस्तान्तरण की प्रति प्रस्तुत कर भूखण्ड क्षेत्रफल 3000 वर्गफिट का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड के पडौस पूर्व-राजलक्ष्मी इन्वेस्टर, पश्चिम-नगरपालिका की भूमि, उत्तर-रोड, दक्षिण-नगरपालिका की भूमि है। उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में मय आपत्ति दस्तावेज, पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त,नगर पालिका नाथद्वारा

डूंगरपुर में डांडियों की खनक से गुलजार हुए पूजा स्थल

- देवालय व शक्ति पीठों पर उमड़ रहे श्रद्धालु

डूंगरपुर, (निसं)। जिले भर में घट स्थापना के साथ ही गरबा स्थलों पर सोमवार रात को पहले दिन मध्यरात्रि तक डांडियो की खनक से गरबा स्थल गुंजते रहे। वही दूसरे दिन मंगलवार को ब्रह्मचारिणी मॉ की पूजा अर्चना की गई। वही जिले भर के शक्तिपीठ स्थलों तथा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के गरबा स्थलों पर डांडियों की खनक गुंजती रही। जिसमे बढ-चढकर धर्म प्रेमियों ने भाग लिया।

इसी के चलते घट स्थापना के साथ ही जहां नवरात्रि स्थलो को आकर्षक रोशनी व अन्य साज सज्जा से सजाया गया है। रात्रि को मंदिर स्थलों पर आरती के पश्चात अधिकांश स्थानों पर तो डीजे व आर्केस्टा की धून पर गरबा खेले गये वही शहर के कंसारा चौक व सोनिया चौक में पारम्परिक लोक गीतों की मधुर स्वर लहरिया पर श्रद्धालु प्रेमी जमकर थिरके। इस दौरान देवी मंदिरों में प्रतिमाओ की मनोहारी आंगी भी की गई थी। वही शहर के घाटी स्थित कंसारा मंदिर, फौज का बडला स्थित महालक्ष्मी मंदिर,अम्बामाता स्थित दैवी मंदिर, दर्जीवाडा स्थित खोडियालमाता मंदिर,भावसारवाडा स्थित हिंगलाजा मंदिर, कंसारा चौक स्थित कालीका मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित अम्बा माता मंदिर, पुलिस लाईन स्थित मॉ रूद्राणी देवी मंदिर, शास्त्री कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी व हाउसींग बोर्ड स्थित जगदम्बा मंदिर स्थलों पर जमकर श्रद्वालु देर रात तक गरबा खेलते रहे।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरदीय नवरात्रि के आरंभ में नवरात्रि के प्रथम दिन को प्रधान पीठाधीश्वर ब्रम्हालीन गुरुदेव महंत गौतमदास महाराज की तपोभूमि श्री कल्लाजी शिव अन्नपूर्णा पंच धाम राजपुर में शरदीय नवरात्रि मुख्य कलश घट स्थापना अखिल भारतीय कल्लाजी संप्रदाय के राष्ट्रीय महामंत्री गुरुदेव महंत गोपालदास महाराज के सानिध्य में विधिवत अभिजीत मुहूर्त में सम्पन्न हुई। दोपहर 2 बजे गुरुदेव महंत गोपालदास महाराज द्वारा श्री कल्लाजी महाराज को केसर कसुम्बा का भोग लगाकर मुख्य गेमर बाम्बी पूजन एवं आरती की गई एवं कल्लाजी महाराज का आव्हान कर व्यास गादी से दिव्य दरीखाना दरबार लगा कर भक्तों को आशीर्वाद दिया गया। रोजाना दोपहर 2 बजे आरती के बाद कल्लाजी महाराज की गादी लगेगी और भक्तों की समस्या का निवारण करते हुए आशीर्वाद दिया जाएगा। मुख्य यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद भंडारा नवमी को होगा।

दशहरा-दीपावली मेला स्थान परिवर्तन को लेकर बापू बाजार रहा बंद

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम प्रांगण में लगाए जाने वाले दशहरा दीपावली मेले के स्थान बदलने की मांग को लेकर गत कई दिनों से हर स्तर पर प्रयास करने पर भी निर्णय नहीं होने पर मंगलवार को बापूबाजार व्यापारियों ने आधे दिन दोपहर 12 बजे तक व्यवसाय बंद रख पैदल कलेक्ट्री पहुंच प्रदर्शन कर जिलाधीश को मेला स्थल बदलने की मांग को लेकर पुन: ज्ञापन दिया।

बापू बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुखलाल साहू ने बताया कि बापूबाजार के व्यापारियों ने आज अपनी दुकाने बंद रख सूरजपोल एकत्रित हुए जहां मेला मेला स्थल बदलने की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके पश्चात दोपहर 11 बजे जुलूस के रूप में बापूबाजार, देहलीगेट होते हुए जिला कलेक्ट्री पहुंचे जहां विरोध प्रदर्शन कर कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने कहा कि टाउनहॉल नगर निगम परिसर में सालों से मेला लग रहा है जिससे यहां पार्किंग और बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होने से बापूबाजार का व्यापार प्रभावित हो जाता है और इस बार तो एलिवेटेड रोड का निर्माण होने से मुसीबतें और ज्यादा बढ़ गई है। व्यापारियों ने बताया कि सूरजपोल से टाउनहॉल रोड पर एलिवेटेड रोड का काम चल रहा है। ऐसे में रोड संकरी हो गई है और बापूबाजार में ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ गया है। व्यापारियों ने सुझाव दिया कि मेले का आयोजन बाहर की तरफ किया जाए। कलक्टर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वह इस बारे में शीघ्र ही कोई उचित निर्णय लेंगे। जुलूस व प्रदर्शन में नरेंद्र जैन, महेश नाहर, यशवंत कटारिया, ललित लोढा , हरक लाल दुग्गड, दिनेश हरकावत, सुशील बिलोची, सुरेश कुमार खुराणा, चंद्र सिंह ओडिञ्या, नुरूद्दीन सादडीवाला आदि मौजूद रहे।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त-उदयपुर
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप. आ. आ./वृत्त-उदय/2025-26/315 दिनांक :-15.7.2025

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण):- Registered

आवास संख्या 1/25 आयवर्ग LIG माप 72.00 वर्गमीटर योजना भुवाणा आवासीय योजना शहर उदयपुर का श्रीमती मेरी फेबियोला पत्नी श्री रिंगो मरफी को आवंटन पत्र क्रमांक 860 दिनांक 29.06.2007 जारी कर दिनांक 20.08.2007 को कब्जा दिया गया। श्रीमती मेरी फेबियोला पत्नी श्री रिंगो मरफी ने उक्त आवास का बैचान श्री लोगर लाल डांगी पुत्र श्री लच्छाराम डांगी को किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 1080 दिनांक 23.06.2010 ,श्री लोगर लाल डांगी पुत्र श्री लच्छाराम डांगी को जारी किया गया एवं प्रथम पंजीयन दिनांक 06.06.2012 द्वारा श्री लोगर लाल डांगी पुत्र श्री लच्छाराम डांगी के पक्ष में निष्पादित करवाया गया।

पंजीयन उपरान्त श्री लोगर लाल डांगी पुत्र श्री लच्छाराम डांगी ने उक्त आवास का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 06.06.2012 को श्री गिरीश सिद्ववानी पुत्र स्व. श्री गोपाल दास सिद्ववानी को किया गया। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3410 दिनांक 30.11.2012 द्वारा श्री गिरीश सिद्ववानी पुत्र स्व.श्री गोपाल दास सिद्ववानी को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात श्री गिरीश सिद्ववानी पुत्र स्व.श्री गोपाल दास सिद्ववानी ने पुन: उक्त आवास का बैचान विक्रय-पत्र (पंजीकृत) द्वारा दिनांक 11.03.2025 को श्री सुरेश तलरेजा पुत्र श्री हरपाल दास तलरेजा को किया गया। श्री सुरेश तलरेजा पुत्र श्री हरपाल दास तलरेजा ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय-पत्र (पंजीकृत)के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया है।

श्री सुरेश तलरेजा पुत्र श्री हरपाल दास तलरेजा ने प्रार्थना पत्र, विक्रय-पत्र (पंजीकृत) आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10,दिवस, के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारणआवास संख्या 1/25, भुवाणा आवासीय योजना , उदयपुर कानामान्तरण श्री सुरेश तलरेजा पुत्र श्री हरपाल दास तलरेजा के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

सुविवि 9वें दिन भी बंद, कुलपति का विरोध जारी

- स्टूडेंट्स ने सभी संघटक कॉलेज भी कराए बंद

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा के खिलाफ छात्रों का विरोध जारी है। एबीवीपी व एनएसयूआई ने मंगलवार को भी यूनिवर्सिटी के आर्ट्स, साइंस,लॉ, कॉमर्स सहित सभी संघटक कॉलेज बंद कराए। विवि नौ दिन से बंद है।

छात्रों का समूह एक-एक कॉलेज में पहुंचा। वहां माइक से एनाउंस करते हुए पढ़ाई के लिए आए छात्रों को कक्षा में नहीं जाने की बात कही। इसी तरह प्रशासनिक कर्मचारियों को भी काम नहीं करने की अपील की। मंगलवार को सभी छात्र प्रशासनिक भवन के बाहर एकत्रित हो गए और प्रदर्शन किया। कुलपति मुर्दाबाद और कुलपति हटाओ जैसे नारे लगाए गए।आपको बतादें कि कुलपति के खिलाफ लगातार आंदोलन के चलते लगातार मंगलवार को 9वें दिन भी यूनिवर्सिटी पूरी तरह बंद रही। किसी भी कॉलेज में क्लासेज नहीं हो रही।प्राशासनिक काम भी पूरी तरह ठप है। एबीवीपी महानगर मंत्री पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सुनीता मिश्रा को जब तक हटाया नहीं जाता। इसी तरह यूनवर्सिटी को बंद करके प्रदर्शन जारी रहेगा। एनएसयूआई कार्यकर्ता सूर्यपाल सिंह देवड़ा का कहना था कि कुलपति को नहीं हटाने तक सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी बंद कराए जाएंगे। राज्य सरकार को तत्काल कुलपति को हटाकर नया कुलपति नियुक्त करना चाहिए।

कुलपति मिश्रा को हटाने की मांग को लेकर रैली निकाली

राजसमंद, (निसं)। सर्व हिंदू समाज ने सोमवार को पुरानी कलेक्ट्री से किशोर नगर होते हुए जिला परिषद चौराहे तक रैली निकाल कर मानव श्रृंखला बनाई और कलेक्ट्री पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। आंदोलन में सर्व हिंदू समाज की सज्जनशक्ति और युवाशक्ति की पूरे जोश के साथ उपस्थित रही।

हाथों में विरोध का स्पष्ट सन्देश देती तख्तियां और नारेबाजी से गूंजते प्रदर्शन ने माहौल को जनजागरूकता और आक्रोश से भर दिया। ज्ञापन का मुख्य विषय एमएलएसयु उदयपुर की कुलपति प्रो सुनीता मिश्रा के विवादित बयान को लेकर था। ज्ञापन में बताया कि मेवाड ने सदैव बाहरी आक्रांताओं का सशक्त प्रतिकार किया है। महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप और महाराणा राजसिंह जैसे वीर शासकों ने इस धरा के सम्मान के लिए सर्वस्व बलिदान कर दिया। ऐसे गौरवशाली इतिहास वाली भूमि पर विश्वविद्यालय की कुलपति द्वारा मुगल शासक औरंगजेब का महिमामंडन कर उसे कुशल प्रशासक बताना न केवल इतिहास से छेडछाड है, बल्कि पूरे क्षेत्र की धार्मिक भावनाओं पर गहरी चोट है। सर्व हिंदू समाज का कहना है कि यह बयान न केवल उदयपुर, बल्कि संपूर्ण मेवाड व भारत देश की अस्मिता और स्वाभिमान पर हमला है।

कुलपति जैसे जिम्मेदार और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा इस प्रकार का वक्तव्य देना आने वाली पीढियों को गुमराह करने के समान है। प्रदर्शन के दौरान वातावरण मेवाड का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, औरंगजेब का महिमामंडन बंद करो, कुलपति को बर्खास्त करो जैसे नारों से गूंजता रहा। आंदोलन में विभिन्न समाज प्रमुखों ने भागीदारी निभाई। ज्ञापन में बताया कि मेवाड की छत्तीस बिरादरी इस बयान की कडी निंदा करती है और मांग करती है कि प्रो मिश्रा को तुरंत कुलपति पद से बर्खास्त किया जाए। साथ ही उनके विरुद्ध धार्मिक भावनाएं भडकाने और इतिहास से छेडछाड करने के अपराध में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। सर्व हिंदू समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक होगा तथा जनता सडक से सदन तक विरोध दर्ज कराएगी। उन्होने राज्यपाल से मांग की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए कुलपति को पद से हटाकर न्यायोचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./स्टोर/2025-26/1947 दिनांक :- 19.09.2025

प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दशहरा मेला 2025 दिनांक 02/10/2025 से दिनांक 04/10/2025 तक आयोजित किया जा रहा है। दशहारा मेला-2025 में सांस्कृतिक कार्यक्रम को आकर्षक बनाने हेतु निम्न कार्यक्रमों हेतु सुयोग्य फर्मो/इवेंट कम्पनी/लोक कला मण्डलों इत्यादि से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है :-

क्र. सं.	कार्यक्रम दिनांक	कार्यक्रम का नाम
1	02.10.2025, गुरूवार, सांय काल	रावण दहन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम - कार्यक्रम की अवधि 4.00 घंटे की रहेगी। - अनिवार्य रूप से 02 मुख्य कलाकारों के नाम प्रस्तावित करने होंगे।
2	03.10.2025, शुक्रवार, सांय काल	भजन संध्या- ख्यातिनाम गायक मय दल एवं झांकी प्रदर्शन - कार्यक्रम की अवधि 4.00 घंटे की रहेगी। - अनिवार्य रूप से 02 मुख्य कलाकारों के नाम प्रस्तावित करने होंगे। (एक मेल व फिमेल सिंगर)
3	04.10.2025, शनिवार सांय काल	लाफ्टर नाईट- प्रसिद्ध लाफ्टर कलाकार, लोक गायन एवं सांस्कृतिक नृत्य, देश भक्ति गीत एवं झांकी प्रदर्शन - कार्यक्रम की अवधि 4.00 घंटे की रहेगी। - अनिवार्य रूप से 02 मुख्य कलाकारों के नाम प्रस्तावित करने होंगे।
4	पालिका के निर्देशानुसार	पालिका क्षेत्र में रामलीला कार्यक्रम

नोट :- उपरोक्तानुसार प्रस्तावित किए गए मुख्य कलाकारों एवं उनके दल मय महिला एवं पुरूष एंकर, सम्मिलित होंगे।

उक्तानुसार प्रस्ताव नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला- उदयपुर (राज.) कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से दिनांक 26/09/2025, शुक्रवार दोपहर 02:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगे तथा प्राप्त प्रस्तावों की छंटनी उपरान्त शेष योग्य प्रस्तावों पर उसी दिन विचार किया जायेगा। अतः प्रस्तावक अपने प्रस्तावों के साथ अनुभव प्रमाण पत्र एवं पूर्व में धार्मिक स्थलों/मेला/उत्सव इत्यादि में प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रमों की विडियो/डी.वी.डी./फोटो एलबम/प्रमाण-पत्र आदि सहित निर्धारित स्थल एवं समय पर व्यक्तिगत रूप उपस्थित होवें। उक्त विज्ञप्ति एवं शर्ते पोर्टल वेबसाईट www.sppp.rajasthan.nic.in के DLB2526SSOB19264 पर देखी जा सकती है:-

शर्ते :-

1. इवेन्ट कम्पनी/कलाकार/फर्म आदि जिस नाम से प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी उसी नाम से भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/आनलाईन द्वारा कार्यक्रम समापन उपरान्त सीधे बैंक खाते में किया जाएगा, अतः तदनुसार प्रस्ताव बैंक खाता संख्या, शाखा IFSC कोड विवरण प्रस्तुत करे
2. इवेन्ट कम्पनी/फर्म/कलाकार द्वारा प्रस्तुत दर/राशि में सभी प्रकार के चार्जेज व कर सम्मिलित करने होंगें। नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ द्वारा किसी प्रकार के अतिरिक्त कर/शुल्क/परिवहन शुल्क/भोजन अल्पाहार/ठहरने का खर्च इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा। अतः समस्त व्यय/करों को जोड़कर प्रस्ताव प्रस्तुत करें।
3. स्वीकृत दर/राशि में से नगरपालिका द्वारा नियमानुसार आयकर तथा अन्य कर सीधे काटकर जमा करवाया जायेगा तथा अन्य सभी करों की जिम्मेदारी स्वयं इवेंट कम्पनी/फर्म/कलाकार की होगी।
4. प्रस्ताव के साथ पेन कार्ड, जीएसटी पंजीयन की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम मेला समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
6. चयन से पूर्व कार्यक्रम की गुणवता एवं प्रदर्शन के अनुभव प्रमाण पत्र एवं पारिश्रमिक राशि पर सक्षम मेला समिति द्वारा आवश्यक रूप से विचार किया जावेगा।

राज.संवाद/सी/25/10668 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

पेसिफिक में न्यूरोथियोलॉजी पर सम्मेलन 27 सितम्बर से

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के पेसिफिक सेन्टर ऑफ न्यूरो साइंसेस की ओर से "12 वां उदयपुर कोर्स ऑन न्यूरोसाइंसेज" 27 एवं 28 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है। लाभगढ़ पैलेस रिज़ॉर्ट तथा सुखाड़िया रंगमंच, नगर निगम टाउन हॉल, उदयपुर में होने वाले इस राष्ट्रीय सम्मेलन में स्ट्रोक, न्यूरोइंटरवेंशन एवं न्यूरोथियोलॉजी से सम्बन्धित प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, रेडियोलॉजिस्ट, रेज़ीडेंट चिकित्सक एवं शोधकर्ता भाग लेंगे।

राष्ट्रीय सम्मेलन के कोर्स डायरेक्टर प्रो.डॉ.अतुलाभ वाजपेयी ने बताया कि सम्मेलन में स्ट्रोक मैनेजमेंट एवं न्यूरोइंटरवेंशन पर पैनल डिस्कशन, एन्यूरिज़्म,एवीएम/सीसीएफ और जटिल न्यूरोलॉजिकल विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, न्यूरोथियोलॉजी पर वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विचार-विमर्श आदि मुख्य विषय होगें। डॉ.वाजपेयी ने बताया कि पहले दिन प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, रेडियोलॉजिस्ट एवं शोधकर्ता स्ट्रोक प्रबंधन,न्यूरोइंटरवेंशन तकनीकों और एन्यूरिज़्म के उप